जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2020/1184 **दिनांक : 08.11.2020**

<u>// अत्यावश्यक //</u>

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय बी.एड. महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर (म.प्र.)

विषय :- बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून, 2020 के आपके महाविद्यालय की छात्र संख्या के आधार पर परीक्षा संचालन शुल्क की राशि रू. 188/- की प्रति छात्र के हिसाब से अपने जिले के अग्रणी महाविद्यालय (Lead College) केन्द्र पर जमा कराने बावत्।

उपरोक्त विषय में लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा जून, 2020 ओपन बुक परीक्षा पद्धति से सम्पन्न करायी है। जिसका समस्त परीक्षा कार्य आपके जिले के अग्रणी महाविद्यालय (Lead College) द्वारा किया जा रहा है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय के बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रसंख्या के आधार पर परीक्षा संचालन शुल्क की राशि रू. 188/- प्रति छात्र के हिसाब से अपने जिले के अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य के नाम चैक/डी.डी. द्वारा दिनांक 12.11.2020 तक अनिवार्य रूप से जमा करायें। यदि निर्धारित तिथि तक परीक्षा संचालन शुल्क की राशि जमा नहीं करायी जाती है तो आपके महाविद्यालय के छात्रों का परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा घोषित नहीं किया जावेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आपके महाविद्यालय के प्राचार्य/संचालक की व्यक्तिगत होगी और यदि कोई न्यायिक कार्यवाही होती है तो उसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

शीघ्र कार्यवाही की अपेक्षा के साथ।

परीक्षा नियंत्रक